RAPID FIRE करेंट अफेयर्स (21 नवंबर)

Tiger Triumph सैन्य अभ्यास

- भारतीय और अमेरिकी सेना का पहला संयुक्त **त्रि-सेना मानवीय सहायता एवं आपदा राहत** Humanitarian Assistance and Disaster Relief ((HADR) अभ्यास **टाइगर ट्रायम्फ** 13 से 21 नवंबर, 2019 तक बंगाल की खाड़ी के पूर्वी समुद्री तट पर आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के जहाज़ जलअश्व, ऐरावत और संधयक, 19 मद्रास एवं 7 गार्ड्स की भारतीय सेना की टुकड़ियों और भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर और रैपिड एक्शन मेडिकल टीम ने हिस्सा लिया।
- टाइगर ट्रायम्फ अभ्यास का उद्देश्य HDAR अभियान में अंत: पारस्परिकता का विकास करना था।
- काकीनाडा में सामुद्रिक चरण के तहत दोनों नौसेनाओं के जवानों ने जहाज पर और सामुद्रिक, एम्फिबियोस और HADR अभियान में हिस्सा लिया।
- यह दूसरा ऐसा अवसर था जब भारत ने थल सेना, नौसेना तथा वायुसेना सहित किसी दूसरे देश के साथ त्रि-सेना सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया।
- इससे पहले भारत ने वर्ष 2017 में रूस के व्लादिवोस्तोक में त्रि-सेना युद्ध अभ्यास 'इंद्र' में हिस्सा लिया था।

दिल्ली वायु प्रदूषण पर भारत-ब्रिटेन सहयोग

- ब्रिटेन और भारत के पर्यावरण वैज्ञानिक दिल्ली के वायु प्रदूषण से निपटने के लिये मिलकर काम करने पर सहमत हो गए हैं।
- मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के वायु गुणवत्ता विशेषज्ञों ने इसके लिये भारतीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास से सहयोग किया है।
- उनका नया और वर्तमान में चल रहा अध्ययन प्रदूषण के संकट के पीछे के कारणों की पहचान करेगा।
- बदलते मौसम में फसलों के अवशेषों को जलाया जाना भी प्रदूषण का बहुत महत्त्वपूर्ण स्रोत है।

यह शोध अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन इससे जो कुछ जानकारियाँ मिली हैं उनसे पता चलता है कि शहर भर में पार्टिकुलेट मैटर (PM) के संकेंद्रण में कुछ भिन्नता है, लेकिन इसमें अलग-अलग स्रोतों का योगदान लगभग समान है।

फिनटेक स्टार्टअप्स के लिये VISA का Innovation Program

- हाल ही में वैश्विक कार्ड भुगतान नेटवर्क वीज़ा ने भारत में **वीज़ा एवरीवेयर इनिशिएटिव** (VEI) शुरू करने की घोषणा की है।
- यह बाज़ार में मौजूद डिजिटल भुगतान चुनौतियों को हल करने के लिये अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने वाले **फिनटेक स्टार्टअप** को खोजने वाला एक नवाचार कार्यक्रम है।
- इसके तहत इच्छुक फिनटेक स्टार्टअप 13 नवंबर से 25 दिसंबर, 2019 तक वीज़ा एवरीवेयर इनिशिएटिव के लिये आवेदन भेजकर इसमें भाग ले सकते हैं।
- शॉर्टलिस्ट किये गए फिनटेक स्टार्टअप के पास मार्च 2020 तक विशेषज्ञ पैनल को अपने प्रस्तावित समाधान दिखाने का अवसर होगा, जिसके आधार पर विजेता की घोषणा की जाएगी।
- फिनटेक स्टार्टअप्स प्रोग्राम के लिये नामांकन करते हुए उन विषयों पर काम करना होगा, जो भारत में डिजिटल भुगतान के उच्च मानकों को अपनाने में आने वाली बाधाओं को दूर करते हैं।
- वीज़ा एवरीवेयर इनिशिएटिव के माध्यम से भारतीय फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाया जा सकेगा जिसका उद्देश्य भारत में भुगतान के तरीकों में बदलाव लाना है।
- विदित हो कि वीज़ा एवरीवेयर इनिशिएटिव कार्यक्रम वर्ष 2015 में अमेरिका में लॉन्च किया गया था और बाद में 100 देशों तक इसका विस्तार किया गया।

गांधियन चैलेंज

- यूनिसेफ और माई गॉव की सहायता से नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन ने **गांधियन चैलेंज** के शीर्ष 30 विजेताओं की घोषणा की, जिसे महात्मा गांधी की 150वीं जयंती की स्मृति में आयोजित किया गया था।

- गांधयिन चैलेंज में वैश्वकि तापन, बढ़ती हसिा एवं असहष्णुता आदि जैसी नई वैश्वकि चुनौतियों के संदर्भ में गांधीवादी सद्धिांतों पर आधारति समाधानों पर प्रश्न पूछे गए थे।
- कक्षा 6 से 12वीं कक्षा के छात्रों से दो श्रेणियों– कला एवं नवाचार और वज्ञिान एवं प्रौद्योगकिी तथा नवाचार के तहत प्रवष्टियाँ मांगी गई थीं।
- महात्मा गांधी के सद्धिांतों को पढ़ने और समझने तथा नई वैश्वकि चुनौतियों के समाधान में उन्हें लागू करने के लयि प्रोत्साहति करना इस चैलेंज का लक्ष्य था।

इस चैलेंज को **बाल अधकिार सम्मेलन** (Children Rights Cinference-CRC) की 30वीं वर्षगांठ के वैश्वकि आयोजन के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। 20 नवम्बर, 1989 को वश्वि भर के नेता एकत्रति हुए थे और बचपन पर आधारति एक अंतर्राष्ट्रीय समझौते– CRC को लागू कयिा था। इससे बच्चों के जीवन में सुधार लाने में मदद मलिी है। प्रत्येक वर्ष 20 नवम्बर को **वश्वि बाल दविस** मनाया जाता है। भारत में बाल दविस 14 नवंबर को मनाया जाता है।

वश्वि बाल दविस

- 20 नवंबर को **वश्वि बाल दविस** के रूप में मनाया जाता है। इस दनि संयुक्त राष्ट्र बाल अधकिार समझौता (UNCRC) को अपनाया गया था।
- यह दविस अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता, बच्चों के प्रतजिागरूकता और बच्चों के कल्याण को बढ़ावा देने के लयि मनाया जाता है
- इस वर्ष इस दविस की थीम **फॉर चल्डि्रेन, बाई चल्डि्रेन** (For Children, by Children) रखी गई है।
- यूनसिफ 14 से 20 नवंबर, 2019 तक **बाल अधकिार सप्ताह** मनाकर वश्वि में बच्चों के अधकिार को लेकर कई कार्यक्रम कयि।
- इस वर्ष बच्चों के लयि सात अधकिारों को सुनश्चिति करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें **स्वास्थ्य और शक्षिा** प्रमुख है।
- इसके अलावा यूनसिफ दुनयिाभर में (Go Blue) गो ब्लू अभयिान चला रहा है। गौरतलब है कि इस रंग को बाल अधकिारों का प्रतीक माना गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-november-21